लॉरेंस गैंग कनेक्शन : बिल्डर की रैकी करता था राहुल बाबा, जेल भेजा

- 25 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार
- एसटीएफ अब जेल से रिमांड लेकर करेगी पूछताछ

नव भारत न्यूज

इंदौर. बिल्डरों को धमकी देने के मामले में पकड़े गए 25 हजार के इनामी आरोपी राहुल उर्फ बाबा ने पूछताछ में खुलासा किया है कि वह साथियों के साथ आकर बिल्डर की रैकी करता था. क्राइम ब्रांच ने रिमांड खत्म होने के बाद उसे जेल भेज दिया है, अब एसटीएफ उसे जेल से रिमांड पर लेकर भोपाल में आगे की पूछताछ करेगी.

साथियों को भेजकर कसरावद में फायरिंग करवाना भी कबूला

पूछताछ में उसने कबूला कि वह देवास से साथियों के साथ इंदौर आकर बिल्डर विवेक दम्मानी की रैकी करता था. आरोपी ने यह भी बताया कि कसरावद में फायरिंग की घटना को अंजाम देने के लिए उसने अपने साथियों को भेजा था. रिमांड अवधि पूरी होने के बाद उसे जेल भेज दिया है. पुलिस ने आरोपी के पास से एक कार और मोबाइल फोन जब्त किया है, मोबाइल की कॉल डिटेल खंगाली जा रही है, जिससे गैंग के अन्य सदस्यों और उनके नेटवर्क की जानकारी जुटाई जा सके. वहीं इस मामले में कार्रवाई करने वाली इंदौर क्राइम ब्रांच टीम को पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने सम्मानित किया है.

क्राइम ब्रांच शहर के बिल्डर विवेक दम्मानी और संजय जैन को लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर धमकी देने के मामले की जांच कर रही है. इस केस में अब तक सात आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है. संजय जैन से जुड़े प्रदेशभर के अन्य मामलों की जांच एसटीएफ द्वारा की जा रही है, जबकि इंदौर पुलिस ने भी यह मामला एसआईटी को सौंप दिया है. इसी कड़ी में क्राइम ब्रांच ने देवास निवासी 25 हजार के इनामी आरोपी राहुल उर्फ बाबा को गिरफ्तार किया था, जो कसरावद में एक कॉटन व्यापारी के घर फायरिंग के मामले में भी फरार चल रहा था.

बुजुर्ग को शेयर मार्केट में मोटे मुनाफे का झांसा देकर 51.80 लाख ठगे

- व्हाट्सएप कॉल पर युवती ने अच्छा खासा फायदा होने का दिया लालच
- खुद को आनंद राठी ग्रुप की मैनेजर बताकर जीता विश्वास

नव भारत न्यूज

इंदौर. अनुराग नगर में 85 वर्षीय बुजुर्ग को व्हाट्सएप कॉल के जरिए शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर 51 लाख 80 हजार रुपए की ठगी की गई. आरोपी युवती ने खुद को आनंद राठी ग्रुप की मैनेजर बताकर जाल बिछाया.

एमआईजी थाना क्षेत्र के अनुराग नगर निवासी 85 वर्षीय मनोहरलाल नागोरी साइबर ठगी का शिकार हो गए. ठगों ने शेयर मार्केट में मोटे मुनाफे का लालच देकर उनसे 51.80 लाख रुपए अलग अलग खातों में ट्रांसफर करवा लिए. 18 अप्रैल को बुजुर्ग के व्हाट्सएप पर एक युवती का कॉल आया, जिसने अपना नाम शिवानी बताते हुए खुद को आनंद राठी ग्रुप की मैनेजर बताया. विश्वास दिलाने के लिए उसने मुंबई हेड ऑफिस की फर्जी लोकेशन भी शेयर की. इसके बाद बुजुर्ग को एआर डिपॉजिट नाम के व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़कर एक लिंक भेजी गई, जिसके जरिए फर्जी निवेश अकाउंट खुलवाया गया. शुरुआत में बुजुर्ग से 1.10 लाख रुपए डलवाए गए और पोर्टल पर उन्हें मुनाफा दिखाया.

एक-एक कर करीब एक दर्जन से अधिक बैंक खातों में जमा कराई राशि

झांसे में आकर बुजुर्ग ने एक-एक कर करीब एक दर्जन से अधिक बैंक खातों में 51.80 लाख रुपए जमा कर दिए. ठग लगातार उन्हें बढ़ते मुनाफे के फर्जी स्क्रीनशॉट भेजते रहे. ठगी का खुलासा तब हुआ जब 26 मई को बुजुर्ग ने अपने अकाउंट से 14 लाख रुपए निकालने की कोशिश की. इस दौरान पोर्टल ब्लॉक हो गया और ठगों ने क्रेडिट स्कोर कम होने का बहाना बना दिया. बाद में आरोपियों ने फोन उठाना भी बंद कर दिया. एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह का कहना है कि खुद को ठगा हुआ पाकर बुजुर्ग ने साइबर हेल्पलाइन और एमआईजी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने जिन खातों में रकम ट्रांसफर हुई है, उन्हें फ्रीज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और मामले की जांच जारी है.

अभि तोमर हत्याकांड : मुख्य आरोपी डीलू की पत्नी और पिता गिरफ्तार

- दोनों पर आरोपी को छिपाने और पुलिस से बचने में मदद का आरोप
- अब तक वारदात में शामिल 5 आरोपियों सहित 7 लोगों की हो चुकी है गिरफ्तारी

इंदौर. चर्चित अभि तोमर हत्याकांड में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए फरार मुख्य आरोपी डीलू लहारिया की पत्नी और पिता को गिरफ्तार किया है. दोनों पर आरोपी को छिपाने और पुलिस से बचाने में मदद करने का आरोप है.

लसूड़िया थाना क्षेत्र में हुए अभितेंद्र उर्फ अभि तोमर हत्याकांड में पुलिस लगातार आरोपियों पर शिकंजा कस रही है.

इसी कड़ी में पुलिस ने फरार चल रहे मुख्य आरोपी चंद्रकांत उर्फ डीलू लहारिया के परिजनों को गिरफ्तार किया है. पुलिस के अनुसार, 21 मई को गुलाब बाग पेट्रोल पंप के सामने दिनदहाड़े हुई इस सनसनीखेज हत्या के बाद से

ही मुख्य आरोपी डीलू फरार है. जांच के दौरान पुलिस को तकनीकी साक्ष्यों के जरिए जानकारी मिली कि आरोपी के परिवार के लोग उसे लगातार छिपाने और फरारी में मदद कर रहे हैं.

इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि डीलू की पत्नी प्रीति लहारिया और उसके पिता राजेंद्र कुमार शर्मा भिंड से इंदौर आ रहे हैं. सूचना पर लसुड़िया पुलिस ने देवगुराड़िया बायपास के पास घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया. थाने लाकर पूछताछ में सामने आया कि दोनों को हत्याकांड की पहले से जानकारी थी, इसके बावजूद उन्होंने पुलिस को गुमराह किया और मुख्य आरोपी को संरक्षण दिया. मामले में एसपीपी पराग सैनी ने बताया कि पुलिस ने प्रीति लहारिया उम्र 33 साल और राजेंद्र कुमार शर्मा उम्र 66 साल, निवासी शास्त्री कॉलोनी, लश्कर मेन रोड, भिंड को आपराधिक साजिश में सह आरोपी बनाते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया. इस मामले में पुलिस पहले ही 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है, जबकि मुख्य आरोपी अब भी फरार है. उसकी तलाश में पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं.

मदद के बहाने बुजुर्ग का एटीएम कार्ड बदला, 20 हजार किए पार

बूथ पर दो ठगों ने दिया झांसा, नकली कार्ड थमाकर निकाल लिए रुपए

नव भारत न्यूज

इंदौर. परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में एटीएम बूथ पर पैसे निकालने पहुंचे 70 वर्षीय बुजुर्ग के साथ ठगी का मामला सामने आया है. दो शातिर बदमाशों ने मदद का झांसा देकर उनका एटीएम कार्ड बदल लिया और खाते से 20 हजार 100 रुपए निकाल लिए. पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है.

फरियादी महेश पिता रामलाल वर्मा उम्र 70 साल निवासी परदेशीपुरा, राखोड़ी धर्मशाला के नीचे स्थित एसबीआई एटीएम बूथ पर पैसे निकालने पहुंचे थे. मशीन से कैश नहीं निकलने पर वे परेशान हो गए. इसी दौरान वहां मौजूद दो युवक मदद करने के बहाने उनके पास आए. आरोपियों ने पैसे निकालने के नाम पर बुजुर्ग का एटीएम कार्ड लिया और बातों में उलझाकर चालाकी से कार्ड बदल दिया. बदमाशों ने उन्हें नकली कार्ड थमा दिया और वहां से निकल गए.

सीसीटीवी फुटेज के जरिये आरोपियों की तलाश की जा रही

इसी बीच शाम करीब 6.30 से 7 बजे के बीच खाते से पैसे कटने के मैसेज आने लगे. आरोपियों ने अलग-अलग एटीएम से 20 हजार रुपए निकाल लिए और एक ट्रांजैक्शन 100 रुपए का भी किया. परिजनों ने तुरंत कस्टमर केयर पर कॉल कर कार्ड ब्लॉक कराया, लेकिन तब तक रकम निकाली जा चुकी थी. पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है. एटीएम बूथ और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, साथ ही जिन एटीएम से रकम निकाली गई, उनके फुटेज भी जांचे जा रहे हैं.

एक नजर में

सातेर-किशनगंज को जोड़ने वाला पुल लोकार्पित

महू. ग्राम सातेर-किशनगंज को जोड़ने वाले बहुप्रतीक्षित सेतु का भव्य लोकार्पण विधायक सुश्री उषा ठाकुर के मुख्य आतिथ्य एवं केंद्रीय राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ. इस पुल के शुरू होने से क्षेत्र को विकास की एक और बड़ी सौगात मिली है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विकसित मध्यप्रदेश के संकल्प को धरातल पर उतारते हुए महू विधानसभा में कई विकास कार्य किए जा रहे हैं. इसी कड़ी में सातेर-किशनगंज सेतु का निर्माण पूर्ण कर जनता को समर्पित किया गया. जनपद सदस्य श्रीमती रामूबाई सुजानसिंह ने बताया कि दशकों से सातेर-किशनगंज के ग्रामीण बरसात में परेशान होते थे, अब उनकी समस्या का स्थायी समाधान हो गया, इसके लिए रहवासियों ने विधायक सुश्री उषा ठाकुर और केंद्रीय राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर का आभार माना है. इस अवसर पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष महेश यादव, कंचनसिंह चौहान, सरदार मालवीय, डॉ. रीता उपमन्यु, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश यादव, शैलेश गिरजे, मनोज पाटीदार, रायबहादुर तंवर, सुनील गेहलोद, सुभाष पाटीदार, दिलीपसिंह राठौर सहित अनेक भाजपा नेता-कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे.

सेवानिवृत्ति पर शिक्षिका डॉ. किरण भदौरिया को विदाई

महू. शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वरिष्ठ शिक्षिका, परीक्षा प्रभारी एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ. किरण भदौरिया को सेवानिवृत्ति पर गरिमामय समारोह में विदाई दी गई. कार्यक्रम में शिक्षा जगत, सामाजिक क्षेत्र एवं परिवार के अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे. समारोह की मुख्य अतिथि संस्था प्राचार्य श्रीमती राधा आगीवाल एवं विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि मोहन रघुवंशी थे. अतिथियों ने डॉ. किरण भदौरिया के दीर्घ एवं उत्कृष्ट शैक्षणिक सेवाकाल की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया तथा उनके स्वस्थ, सुखमय एवं सक्रिय जीवन की शुभकामनाएं दीं. इस अवसर पर संस्था प्रमुख द्वारा डॉ. किरण भदौरिया के सेवाकाल में उनके शिक्षण, प्रशासनिक दक्षता, कर्तव्यनिष्ठा एवं विद्यालय के विकास में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला. अभिनंदन पत्र का वाचन एवं अभिनंदन वचन श्रीमती नजीमा अंसारी द्वारा किया गया, संचालन श्रीमती दीपिका राजपूत ने किया. इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ, उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकगण, परिवार के सदस्य, पूर्व भाजपा अध्यक्ष मनोज जैन, करण ठाकुर, जीतमल वर्मा, जितेंद्र शर्मा, प्रभात शर्मा, नीरज यादव सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित थे.

बिना तलाक दिए किया दूसरा निकाह, विरोध पर मारपीट

इंदौर. एक विवाहिता ने पति पर बिना तलाक दिए दूसरा निकाह करने और विरोध करने पर मारपीट व धमकी देने का आरोप लगाया है. पुलिस ने महिला की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. मल्हार पल्टन निवासी नाजिया खान ने खजराना थाने में शिकायत दर्ज कराई है. नाजिया ने बताया कि पहले पति की मौत के बाद उसका निकाह साजिद पठान से हुआ था. शादी के कुछ समय बाद ही पति उसे प्रताड़ित करने लगा और उसे छोड़कर सम्राट नगर में रहने लगा. महिला का आरोप है कि हाल ही में उसे पति के दूसरे निकाह की जानकारी मिली. इस पर वह अपने पिता, मामा और अन्य रिश्तेदारों के साथ पति के घर पहुंची. यहां आरोपी साजिद पठान ने सभी के सामने नाजिया से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी. महिला का कहना है कि पति ने बिना तलाक दिए ही दूसरा निकाह कर लिया है. पुलिस ने मामले में पति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

खूंटी पर लटका मिला 12 साल की बच्ची का शव

नव भारत न्यूज

इंदौर. छोटा बांगड़दा क्षेत्र के प्रगति नगर में 12 वर्षीय बच्ची का शव घर के अंदर खूंटी पर लटका मिला. वहीं, सड़क हादसे में दो सगे भाइयों की मौत हो गई. जंगल में एक युवक का क्षत विक्षत शव मिला है. पुलिस सभी मामलों की जांच कर रही है.

एरोड्रम थाना क्षेत्र के प्रगति नगर में 12 वर्षीय राधिका पिता राकेश साहू की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई. घटना के समय उसकी मां कीर्ति काम पर गई हुई थी और घर में बहनें मौजूद थीं. काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर छोटी बहन गुंजन ने शोर मचाया. पड़ोसियों ने दरवाजा तोड़ा तो अंदर राधिका का शव दीवार की खूंटी पर दुपट्टे से लटका मिला. पुलिस का कहना है कि आत्महत्या और हादसे दोनों एंगल पर जांच की जा रही है, क्योंकि इतनी कम उम्र में आत्महत्या की संभावना कम मानी जा रही है. वहीं खुड़ैल थाना क्षेत्र में नेमावर रोड स्थित अरंडिया कुंड के पास सड़क हादसे में दो सगे भाइयों की मौत हो गई. मृतकों की पहचान धर्मेंद्र पिता फूलसिंह और रायसिंह निवासी बम्होरी (देवास) के रूप में हुई है. दोनों के साथ बाइक पर सवार एक अन्य युवक घायल हुआ है. पुलिस अज्ञात वाहन चालक की तलाश कर रही है.

धोखे से वाहन हड़पने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 3 गिरफ्तार

- 40 लाख के 4 चारपहिया वाहन बरामद
- राऊ पुलिस की कार्रवाई

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर में लोगों के वाहन किराये पर लेकर धोखे से हड़पने वाले गिरोह का राऊ पुलिस ने पर्दाफाश कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 40 लाख रुपए कीमत के चार चारपहिया वाहन भी बरामद किए हैं.

फरियादी ने थाना राऊ में शिकायत दर्ज कराई थी कि युवराज और उसके साथियों ने उसकी कार टूर एंड ट्रेवल्स में लगाने के नाम पर किराये से ली थी. बाद में आरोपियों ने विश्वासघात करते हुए वाहन को किसी अन्य व्यक्ति को मोटी रकम लेकर बेच दिया. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की. थाना प्रभारी राऊ राजपाल सिंह राठौड़ ने बताया कि गठित टीम ने मुखबिर तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर तीन आरोपियों को पकड़ लिया.

ये हैं आरोपी और उनसे बरामद वाहनों के नाम...

पूछताछ में आरोपियों ने इसी तरह कई लोगों से वाहन लेकर हड़पने की वारदातें कबूल की हैं. पुलिस ने उनके पास से दो मारुति बलेनो, एक मारुति स्विफ्ट और एक मारुति अर्टिगा कार बरामद की है. गिरफ्तार आरोपियों में युवराज निवासी सुंदरबन कॉलोनी धार, उत्तम सिंह निवासी सोनकच्छ जिला देवास और यशराज निवासी ओमेक्स हिल्स कॉलोनी राऊ शामिल हैं. पुलिस आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है.

होटल में सहकर्मी ने महिला को बंधक बनाकर किया रेप

अश्लील फोटो-वीडियो बनाकर महिला और पति को दी धमकी

नव भारत न्यूज

इंदौर. निपानिया स्थित एक होटल में महिला सहकर्मी को कमरे में बंधक बनाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है. आरोपी ने अश्लील फोटो खींचकर महिला और उसके पति को जान से मारने की धमकी भी दी.

लसुड़िया थाना क्षेत्र के निपानिया इलाके में स्थित एक होटल में काम करने वाली 28 वर्षीय महिला के साथ उसके ही सहकर्मी ने ज्यादती की. पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी रवींद्र जाटव के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है. घटना 8 अप्रैल की बताई जाती है. सुबह करीब 11 बजे आरोपी ने महिला को किचन के काम में मदद और दूसरी मंजिल पर स्थित कमरे की सफाई के बहाने बुलाया. महिला जैसे ही कमरे में पहुंची, आरोपी ने दरवाजा अंदर से बंद कर उसे बंधक बना लिया. इसके बाद आरोपी ने महिला के साथ जबरदस्ती कर दुष्कर्म किया. वारदात के दौरान आरोपी ने अपने मोबाइल से महिला के अश्लील फोटो और वीडियो भी बना लिए.

पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि घटना के बाद आरोपी ने महिला को धमकाते हुए कहा कि यदि उसने किसी को जानकारी दी तो वह फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा. साथ ही उसके पति को जान से मारने की धमकी भी दी. डर के चलते पीड़िता कुछ समय तक चुप रही, लेकिन बाद में हिम्मत जुटाकर थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई है. लसुड़िया पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है.

अब वीएचपी नेता संतोष शर्मा की पत्नी को फोन पर मिली धमकी

- पति को हिंदुत्व के काम बंद न करने पर अंजाम भुगतने की दी चेतावनी

नव भारत न्यूज

इंदौर. तुकोगंज क्षेत्र में वीएचपी नेता संतोष शर्मा की पत्नी को अज्ञात नंबर से धमकी भरा कॉल आया. आरोपी ने हिंदुत्व से जुड़े काम बंद न करने पर परिवार को नुकसान पहुंचाने की चेतावनी दी.

तुकोगंज थाना क्षेत्र निवासी विश्व हिंदू परिषद के नेता संतोष शर्मा के परिवार को धमकी देने का मामला सामने आया है. उनकी पत्नी दीप्ति शर्मा के मोबाइल पर अज्ञात नंबर से कॉल कर आरोपी ने अभद्र भाषा में बात करते हुए गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी. शिकायत के अनुसार, कॉल करने वाले व्यक्ति ने पहले संतोष शर्मा के बारे में जानकारी ली और फिर सीधे तौर पर उन्हें हिंदुत्व और सामाजिक गतिविधियां बंद करने की हिदायत दी. आरोपी ने चेतावनी दी कि यदि उन्होंने अपने हिंदुत्व के काम नहीं रोके तो पूरे परिवार को इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे. **मामला सामने आने के बाद कार्यकर्ताओं में आक्रोश**- घटना के बाद दीप्ति शर्मा ने तुरंत अपने पति को जानकारी दी, जिसके बाद संतोष शर्मा संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ तुकोगंज थाने पहुंचे और लिखित शिकायत दर्ज कराई. संतोष शर्मा का कहना है कि उनकी सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों से नाराज कुछ असामाजिक तत्व इस तरह की हरकत कर रहे हैं और परिवार को डराने की कोशिश की जा रही है. मामले के सामने आने के बाद विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं में आक्रोश है और उन्होंने पुलिस से आरोपी की जल्द गिरफ्तारी और सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है. एडिशनल डीसीपी राम स्नेही मिश्रा ने बताया कि तुकोगंज पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संदिग्ध नंबर को सर्विलांस पर डाल दिया है और साइबर टीम की मदद से आरोपी की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं.

एक नजर में — तुरंत चेंबर की मरम्मत नहीं की गई तो कभी भी किसी बड़े हादसे की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता

पवन कॉलोनी में खुले और टूटे चेंबर लोगों की सुरक्षा के लिए बने बड़ा खतरा

इन्दौर. स्वच्छता में अव्वल इंदौर में तीन इमली चौराहे के समीप पवन कॉलोनी में खुले और टूटे चेंबर लोगों की सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा बन गए हैं. संबंधित अधिकारियों को शिकायत करने के बाद भी कोई ठोस कदम न उठाना गंभीर लापरवाही को दर्शाता है. यदि इस समस्या के समाधान और तुरंत चेंबर की मरम्मत नहीं की गई तो कभी भी किसी बड़े हादसे की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता.

देश के सबसे स्वच्छ शहर का तमगा हासिल करने वाले इंदौर में नगर निगम के जिम्मेदारों की लापरवाही ही शहर की प्रतिष्ठा को पलीता लगा रही है. इसी तरह की गंभीर लापरवाही का मामला तीन इमली चौराहे के समीप वार्ड क्रमांक 64 की पवनपुरी कॉलोनी में सामने आया है. यहां टूटे और खुले चेंबर स्थानीय रहवासियों के लिए गंभीर खतरा बने हुए हैं. इंटर सिटी ट्रैवल्स के पीछे स्थित गली में कई स्थानों पर चेंबरों के ढक्कन टूट चुके हैं, जबकि कुछ बड़े सीवर चेंबर पूरी तरह खुले पड़े हैं. देखने में आया है कि यहां बच्चे खेलते रहते हैं और राहगीरों का लगातार आवागमन होता रहता है. कुछ दिन पूर्व एक बच्चा खेलते समय खुले चेंबर में गिर गया था, जिसे समय रहते बाहर निकाल लिया गया अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था. रहवासियों ने सीएम हेल्पलाइन, नगर निगम और संबंधित अधिकारियों से कई बार शिकायत की, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ.

यही नहीं, चेंबरों से गंदा पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर बह रहा है, जिससे बदबू मच्छरों का प्रकोप और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है. रहवासियों ने नगर निगम से तत्काल ढक्कन लगाने, सफाई कराने और जल निकासी व्यवस्था सुधारने की मांग की है. यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है.

यह बोले रहवासी...

181 पर शिकायत दर्ज कराई, जिसको एक महीना हो चुका है, सिर्फ आश्वासन ही दिया जा रहा है. यहां बच्चे खेलते रहते हैं, राहगीरों का भी आना-जाना लगा रहता है. आते जाते लोगों के साथ घटना होने का अंदेशा है.

- उषा ससाले

कभी बड़ा हादसा हो सकता है.

- रानू गायकवाड़

बिना ढक्कन वाले चैंबर से गंदगी ओवर फ्लो होकर सड़कों पर बहती है. पूरे क्षेत्र में दुर्गंध बनी रहती है. मच्छर फैलते हैं, जिम्मेदारों को कई बार शिकायत की, लेकिन कुछ नहीं किया.

- कविता मावर

समस्या का शीघ्र समाधान करवाऊंगा

ठेकेदार कार्य नहीं कर रहा है, ऐसे ठेकेदारों को हमने ब्लैक लिस्ट करते हुए उनके विरुद्ध उच्च

अधिकारियों को एक पत्र भी लिखा है. आपके द्वारा बताई गई समस्या को लेकर मैं तत्काल कार्य करवाता हूं.

- मनीष शर्मा पार्षद